CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 160 ▫ रायपुर, शुक्रवार 4 जुलाई 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98




# नशे में धुत युवक ने 5 लोगों को कुचला, 3 की मौत, 2 घायल

## गुस्साए लोगों ने चालक की जमकर की पिटाई



**कोरबा,** 4 जुलाई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया. नशेड़ी युवक की बेकाबू कार ने दो बाइक और साइकिल को टक्कर मारने के बाद विपरीत दिशा से आ रही बाइक को चपेट में ले लिया. कार चालक ने लगभग 100-150 मीटर तक घसीटता रहा. कार सड़क किनारे लगे साइन बोर्ड से टकराई, जिससे एयरबैग खुला और गाड़ी रुकी. इस दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए.

पूरी घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है. जानकारी के मुताबिक, कार चालक राहुल यादव ने पहले आईटीआई चौक से कुछ दूर पर टीवीएस चैम्प और यामाहा मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. कार चालक ने नियंत्रण खो दिया और एक साइकिल सवार को भी अपनी चपेट में ले लिया. अभी भी उसने कार नहीं रोकी, विपरीत दिशा से आ रही बाइक को घसीटते हुए 100-150 मीटर तक दूर ले गया. कार और अन्य वाहनें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई. आरोपी चालक राहुल यादव के हाथ में फ्रैक्चर था, इसके बावजूद वह तेज रफ्तार में कार चला रहा था. वहीं दुर्घटना में घायल हुए 5 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिनमें से 3 लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई है. हादसे के बाद आक्रोशित भीड़ ने कार चालक राहुल यादव की जमकर पिटाई कर दी. सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद चालक को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में लिया. आरोपी के पिता लाइन मेन का काम करते हैं. आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 और धारा 110 गंभीर धाराओ के तहत मामला दर्ज किया गया है. कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है. वहीं हादसे में पथरीपारा निवासी (75 साल) मोहम्मद इसराइल और आईटीआई निवासी (21 साल) छोटे लाल साहनी की मौत हो गई है. वहीं 2 लोग घायल है, जिनका इलाज जारी है.

# हिमाचल में भारी बारिश के कारण 63 लोगों की मौत



## 400 करोड़ की संपत्ति का नुकसान

**नई दिल्ली,** 4 जुलाई (न्यूज चैनल)। हिमाचल प्रदेश में लगातार बारिश के कारण अब तक 63 लोगों की मौत हो गई है और 40 लापता हैं, जबकि 400 करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है।लाइवमिंट वेब साइट के अनुसारा ये आंकड़े जारी किए गये हैं। भारतीय मौसम विभाग (ङ्कस्ष्ठ) ने 7 जुलाई तक बारिश का अलर्ट जारी किया है, जिसमें पहाड़ी राज्य में लगातार भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। मंडी जिले का थुनाग उप-मंडल अब तक सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है, जहां सड़कें अवरुद्ध हैं और बिजली और पानी की आपूर्ति जैसी आवश्यक सेवाएं प्रभावित हुई हैं।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राजस्व विभाग के विशेष सचिव डीसी राणा ने कहा, हमने अब तक 400 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान दर्ज किया है। लेकिन वास्तविक नुकसान इससे कहीं अधिक होने की संभावना है। फिलहाल हमारा मुख्य ध्यान खोज, बचाव और बहाली पर है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा- राज्य में बादल फटने और बारिश से जुड़ी अन्य आपदाओं के कारण 63 लोग मारे गए, 40 लापता हैं। आपदाओं में 150 से अधिक घर, 106 मवेशी शेड, 31 वाहन, 14 पुल और कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) ने कहा कि कुल 164 मवेशी मारे गए, जबकि 402 लोगों को बचाया गया, जिनमें से 348 मंडी में थे, और पांच राहत शिविर स्थापित किए गए हैं। अकेले मंडी में, 40 लोग लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि गुरुवार को मंडी में बादल फटने और अचानक बाढ़ से संबंधित घटनाओं में मरने वालों की संख्या 14 हो गई है। अधिकारियों ने कहा कि राहत शिविर स्थापित किए गए हैं और भारतीय वायु सेना द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में भोजन के पैकेट गिराए गए हैं।

## ब्रेकिंग न्यूज

### महागठबंधन में शामिल होना चाहते हैं ओवैसी, लालू यादव को लिखा पत्र



**नई दिल्ली,** 4 जुलाई (न्यूज चैनल)। बिहार में एआईएमआईएम इस साल के अंत में होने वाले बिहार चुनाव में एकजुट मोर्चा बनाने और अल्पसंख्यक वोटों को एकजुट करने के लिए महागठबंधन में शामिल होना चाहती है। सूत्रों ने बताया कि बिहार के एआईएमआईएम प्रमुख और विधायक अख्तरुल ईमान ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू यादव को एक पत्र लिखा है, जिसमें हैदराबाद स्थित पार्टी को महागठबंधन में शामिल करने का अनुरोध किया गया है। पत्र में इमाम ने कहा कि एक साथ चुनाव लड़ने से यह सुनिश्चित होगा कि धर्मनिरपेक्ष वोट बिखरेंगे नहीं और अगली सरकार बनाने के लिए महागठबंधन के पास बेहतर अवसर होंगे। हालांकि, इमाम ने यह भी कहा कि एआईएमआईएम को महागठबंधन में शामिल करने पर जल्दी निर्णय नहीं लेना राजद के लिए एक खोया हुआ अवसर माना जाएगा।

### 'नये भारत' के लिए आकाश भी सीमा नहीं है : मोदी



**नई दिल्ली,** 4 जुलाई (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार (स्थानीय समय) को त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर को महाकुंभ से संगम और सरयू नदी का पवित्र जल और राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। गुरुवार को त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित किया, भारतीय समुदाय के साहस की प्रशंसा की और प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर को बिहार की बेटी कहा। उन्होंने राज्य के साथ उनके पैतृक संबंधों को याद किया और उनसे कैरेबियाई राष्ट्र में गंगा धारा में सरयू और महाकुंभ का जल चढ़ाने का अनुरोध किया।




चूहा- सुनती हो, ओवैसी अब महागठबंधन के साथ आना चाहते हैं।

चुहिया- हां जी, वक्त आता है तो गधे को भी काका बोलना पड़ता है।

# भूस्खलन से किरंदुल-विशाखापत्तनम रेल लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही ठप



## तीन दिन से जगदलपुर में खड़ी ट्रेनें-मालगाड़ियां

**जगदलपुर,** 4 जुलाई (हाईवे चैनल)। ओडिशा के कोरापुट जिले के पास मल्लीगुड़ा और जराटी स्टेशनों के बीच हुए भूस्खलन ने किरंदुल-विशाखापत्तनम रेल लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही को ठप कर दिया है. बुधवार से ही जगदलपुर से चलने वाली यात्री और मालगाड़ियां प्लेटफॉर्म पर ही खड़ी हैं.

भूस्खलन की वजह से पटरी पर पड़े मलबे को हटाने के लिए रेलवे करीब 300 श्रमिकों और 13 आधुनिक मशीनों की मदद से लगातार काम में जुटा है. वाल्टेयर मंडल के डीआरएम ललित बोहरा और रायगड़ा मंडल के डीआरएम अमिताभ सिंघल मौके पर निगरानी कर रहे हैं. दो दिन से जारी इस अभियान में बारिश के कारण दिक्कतें आ रही हैं, जिससे काम की रफ्तार धीमी पड़ गई है.

बताया गया है कि पहाड़ी से एक बड़ा बोल्डर और मलबा खिसककर सीधे ट्रैक पर आ गिरा है, जिससे पटरी पूरी तरह जाम हो गई. सुरक्षा को देखते हुए रेलवे ने एहतियातन 10 यात्री ट्रेनों को रद्द कर दिया है. साथ ही जगदलपुर से पुरी जाने वाली रथयात्रा स्पेशल ट्रेन को अब कोरापुट से रवाना किया जाएगा. रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले संबंधित हेल्पलाइन या वेबसाइट से अपडेट जरूर लें. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के. संदीप ने कहा है कि स्थिति की नियमित निगरानी हो रही है, लेकिन सेवा कब तक शुरू होगी इसका स्पष्ट अनुमान अभी नहीं दिया जा सकता.

# नदी में डूबने से एयर फोर्स के दो जवानों की मौत, एक जवान दुर्ग के



**दुर्ग,** 4 जुलाई (हाईवे चैनल)। नदी में डूबने से एयर फोर्स के दो जवानों की मौत हो गई है। इनमें से प्रिंसराज यादव दुर्ग का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार दो साल पहले ही प्रिंसराज यादव की पठानकोट पंजाब में एयर-फोर्स में नौकरी लगी थी। गुरुवार को नैनीताल के पास परिताल से लगभग 2 किमी पहले मुसाताल में नहाते वक्त एयरफोर्स के 2 जवान डूब गए। बताया जाता है कि एयरफोर्स में तैनात 4 दोस्त नैनीताल घूमने आये थे। प्रिंस कुमार (22) निवासी बिहार, साहिल कुमार (23) अपने दो अन्य साथियों नयाल सौरभ सिंह (25) और बृजेन्द्र (25) गुरुवार सुबह लगभग 12 बजे मुसाताल पहुंचे। उनके साथ चार युवतियां भी मौजूद थीं। सभी युवक-युवतियां मुसाताल के पास नदी किनारे रुके और दो युवक नहाने के लिए नदी में उतर गए। भारी बरसात के चलते नदी का जल स्तर और बहाव बहुत अधिक था, जिसमे प्रिंस कुमार और साहिल कुमार दोनों जवान डूब गए। पठानकोट से कुल आठ लोग—चार युवक और चार युवतियां—पर्यटन के उद्देश्य से मूसाताल पहुंचे थे। इसी दौरान युवक प्रिंस यादव और साहिल तालाब में नहाने के लिए उतर गए। कुछ ही पलों में दोनों गहराई में चले गए और डूबने लगे। साथियों ने शोर मचाया लेकिन तब तक दोनों युवकों को बचाया नहीं जा सका। सूचना मिलते ही पुलिस और आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची। मुक्तेश्वर व भीमताल पुलिस द्वारा संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया, जिसके तहत दोनों

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए महिलाओं के नामों को लेकर चर्चा





## निर्मला सीतारमण के नाम भी शामिल

**नई दिल्ली,** 4 जुलाई (न्यूज चैनल)। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में बड़े पैमाने पर संगठनात्मक फेरबदल हो रहा है। छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थानीय इकाइयों के लिए पार्टी प्रमुखों की नियुक्ति के बाद, बीजेपी अब अपना ध्यान राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त करने पर केंद्रित कर रही है। जेपी नड्डा 2020 से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर हैं। उनका कार्यकाल 2023 में समाप्त हो रहा था, लेकिन भाजपा ने इसे 2024 तक बढ़ा दिया ताकि वह लोकसभा चुनावों में पार्टी का नेतृत्व कर सकें। हालांकि इस बात पर सस्पेंस बना हुआ है कि प्रमुख पद कौन संभालेगा, लेकिन सूत्रों ने बताया है कि पार्टी को पहली बार महिला अध्यक्ष मिल सकती है।

पार्टी के वरिष्ठ नेता व्यापक विचार-विमर्श कर रहे हैं और शीर्ष पद के लिए कई प्रमुख महिला राजनेताओं पर विचार किया जा रहा है, जिनमें निर्मला सीतारमण, डी पुरंदेश्वरी और वनाथी श्रीनिवासन जैसी नेता शीर्ष दावेदार हैं। प्रमुख दावेदारों में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी महासचिव बीएल संतोष से मुलाकात की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि पार्टी के भीतर उनके नाम ने काफी लोकप्रियता हासिल की है, अंदरूनी सूत्रों ने उनके व्यापक मंत्री पद के अनुभव और संगठनात्मक गहराई का हवाला दिया है। अगर सीतारमण को चुना जाता है, तो वह न केवल भाजपा की पहली महिला अध्यक्ष बनेंगी, बल्कि पार्टी को दक्षिण भारत में अपनी उपस्थिति मजबूत करने में भी मदद करेंगी।

# किताबों के वितरण में हो रही देरी को लेकर पाठ्य पुस्तक निगम की नई व्यवस्था

## अब स्कूल 7 दिन में किताबों को स्कैन करके देंगे रिपोर्ट



**रायपुर,** 4 जुलाई (हाईवे चैनल)। पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश भर में पहली से 10 वीं तक किताबे मुफ़्त में छात्रों तक पहुंचे तथा यह जिम्मेदारी पाठ्यपुस्तक निगम की है। पिछले शिक्षा सत्र में कुछ अनियमितताएं ध्यान में आई, जिसके तहत सभी किताबों में दो बार कोड डाला गया। एक बार कोड से प्रिंटर का पता चलेगा तथा दूसरी बार कोड से स्कूल का पता चलेगा। कुल 2 करोड़ 41 लाख किताबे छापी गई तथा 17-18 जून 2025 तक डिपो में पहुँच गई। शा. स्कूल 9 वीं-10 वीं की किताबे स्कूल तक पहुंचा कर दी गई तथा स्कूल में बारकोड स्कैन किया गया जो कि 90 त्न पूर्ण हो गया। इसी तरह आत्मानंद स्कूलों की किताबे भी पहुंचा कर दी गई जिसका बारकोड स्कैनिंग स्कूल में जारी है ।

राजा पांडे ने बताया कि प्राइवेट स्कूलों को पिछले बार जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से किताबें दी गई थीं।कुछ अनियमितताए ध्यान में आई तब यह निर्णय लिया गया कि इस सत्र में प्राइवेट स्कूलों को डिपो में बारकोड स्कैन कर किताब दिया जाएगा। विगत तीनङ्कचार दिनों से यह ध्यान में आया कि डिपो में जगह की कमी तथा स्कैन करने में सभी की सिद्धता नहीं होने के कारण परेशानी बढ़ गई है।

इस संबंध में मुख्यमंत्री को जब सभी परेशानियों से अवगत कराया गया तब उन्होंने कहा कि सत्र शुरू हो चुका है एवं विद्यालय से शिक्षकों का डिपो में बैठकर स्कैनिंग करना संभव नहीं लगता तथा स्कैनिंग में जो समय लग रहा है इससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है, अतएव सभी प्राइवेट स्कूलों को कहा गया है कि जिलेवार अपनी संख्या की किताबे डिपो से ले जाए तथा 7 दिवस के अंदर बारकोड अपने स्कूलों में स्कैन करें । राजा पांडे ने कहा कि मुख्यमंत्री साय का यह निर्णय शिक्षा जगत व प्राइवेट स्कूल के लिए स्वागतेय है तथा शिक्षा के प्रति उनकी सहृदयता यह बताती है कि छत्तीसगढ़ सरकार उनके नेतृत्व में शिक्षा के प्रति संपूर्ण सजग है व समय पर अध्यापन शुरू हो जाए ऐसी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पाठ्यपुस्तक निगम की मंशा है।

# मुख्यमंत्री ने प्राइवेट स्कूलों को बारकोड स्कैनिंग के लिए 7 दिवस की दी मोहलत



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के छात्रों को समय पर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा पहली से दसवीं तक के सभी विद्यार्थियों को मुफ्त पाठ्यपुस्तकें वितरित की जा रही हैं। यह जिम्मेदारी पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा पूरी गंभीरता से निभाई जा रही है। पाण्डेय ने बताया कि पिछले शिक्षा सत्र में सामने आई कुछ अनियमितताओं को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष प्रत्येक पुस्तक पर दो बारकोड लगाए गए हैं।एक प्रिंटर की पहचान के लिए और दूसरा पुस्तक के गंतव्य विद्यालय की पहचान के लिए। इस वर्ष कुल 2 करोड़ 41 लाख किताबें मुद्रित की गईं, जो 17-18 जून 2025 तक सभी डिपो में पहुँचा दी गईं। शासकीय विद्यालयों की कक्षा 9वीं, 10वीं की पुस्तकें स्कूलों तक पहुंचा दी गई है तथा स्कूलों में बारकोड स्कैनिंग का कार्य भी 90 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। इसी तरह आत्मानंद विद्यालयों में भी पुस्तकों का वितरण तेजी से किया जा रहा है और 60 प्रतिशत किताबें पहुँच चुकी हैं, शेष कुछ ही दिनों में पहुँचा दी जाएंगी। प्राइवेट विद्यालयों को इस बार बारकोड स्कैनिंग के पश्चात ही पुस्तकें डिपो से प्रदान की जा रही हैं, जबकि पूर्व में जिला शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से यह प्रक्रिया की जाती थी। हालांकि, बीते तीन दिनों में डिपो में स्थान की कमी और स्कैनिंग प्रक्रिया में तकनीकी दक्षता की कमी के कारण समस्याएं उत्पन्न हुईं। इस संबंध में जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को अवगत कराया गया और बताया गया कि 1100 से अधिक सरस्वती शिक्षा मंदिर सहित बड़ी संख्या में प्राइवेट विद्यालयों को पुस्तकें मिलनी हैं, तब मुख्यमंत्री जी ने शीघ्र निर्णय लेते हुए निर्देशित किया कि सभी प्राइवेट विद्यालय अपनी आवश्यकता अनुसार जिलेवार किताबें डिपो से प्राप्त करें तथा 7 दिवस के भीतर अपने विद्यालय में बारकोड स्कैनिंग पूर्ण करें।

CMYK